प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **विश्व पर्यटन दिवस पर आज प्रदेश भर में हुए आयोजन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– उत्तर प्रदेश बन गया है ईको टूरिज्म का हब।**
2. **उत्तर प्रदेश ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में देश में हासिल किया पहला स्थान : 26 करोड़ से अधिक पौधे लगाये गये।**
3. **कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत–बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बारिश के चलते 35 ओवर का ही हुआ खेल : बांग्लादेश ने 3 विकेट पर बनाए 107 रन।**

**और**

4. **प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित : कई जनपदों में आज बंद रहे स्कूल।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विश्व पर्यटन दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के पर्यटकों को अपनी ओर लुभा रहा है। बीते साल 46 करोड़ से अधिक पर्यटक उत्तर प्रदेश आए। यूपी धार्मिक, आध्यात्मिक, हेरिटेज और ईको टूरिज्म का हब बन चुका है। बाइट.........**

*डबल इंजन की सरकार पर्यटकों कि रुचि और उनकी सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज यूपी अपनी बेहतरीन कनेक्टिविटी के लिए जाना जाता है दो हजार पच्चीस मकर संक्रांति से लेकर के छब्बीस फरवरी दो हजार पच्चीस तक प्रयागराज में लगने वाला महाकुंभ दो हजार पच्चीस दुनिया भर के हमारा अनुमान है चालीस करोड़ श्रद्धालु इस आयोजन में भाग लेकर के उत्तर प्रदेश इस अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के प्रति दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन के अनुरूप देश और दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करने और उत्तर प्रदेश को पर्यटकों के एक बेहतरीन दृष्टिनेशन के रूप में आगे में हम सब सफल होंगे।*

वहीं झांसी में विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर पर्यटन संभावनाओं को बढ़ावा देने के साथ ही देश–विदेश के सैलानियों को बुंदेलखंड के गौरवशाली सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विरासत और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान से परिचित कराने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने किया। इस दौरान चित्रकूट के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये मोबाइल ऐप भी लांच किया गया।

कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास के लिए विभिन्न परियोनाएं चल रही हैं। बाइट..........

*विभिन्न परियोजनाओं को हम लोगों ने स्वीकृतियाँ देने का काम किया है। इस समय बुंदेलखंड में करीब अठहत्तर करोड़ रुपए के पर्यटन विकास सुविधाएं चलने का काम हो रहा है। हमारी जो धरोहर है उसके लिए जो बावलियाँ है इनको भी हम टिपल पी के आधार पर लीज पर दे कर के उनको डेवलप कराने के लिए प्राइवेट इंटरप्राइजेज को भी आकर्षित किए हैं इसलिए कई लोग निवेश करने के लिए आकर्षित हुए हैं।*

विश्व पर्यटन दिवस पर प्रदेश के अलग–अलग जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ताजनगरी आगरा में पर्यटन उद्योग से जुड़े होटल और रेस्टोरेंट स्वामियों ने विचार गोष्ठी के साथ ही कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। वहीं काशी में वाराणसी टूरिज्म गिल्ड ने पर्यटन पद यात्रा का आयोजन किया। इस पद यात्रा में पर्यटन से जुड़े एक हजार लोग शामिल हुए। चित्रकूट में आज उच्च प्राथमिक विद्यालय खोह और कछार पुरवा के 200 बच्चों को रामायण दर्शन शो निशुल्क दिखाया गया।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान में भी यूपी शीर्ष पर है। अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में 26 करोड़ 50 लाख से अधिक पौधरोपण किए गए ह। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी देते हुए लिखा कि पूरे देश में इस अभियान के तहत 80 करोड़ 84 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश टॉप पर है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण महाभियान में सहभागी रहे सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और उत्तर प्रदेश के कर्मठ कर्मचारियों को बधाई दी है।

————————

पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने में लखनऊ प्रदेश में पहले स्थान पर है। इस वर्ष 15 फरवरी को शुरू हुई इस योजना के तहत लखनऊ में सर्वाधिक रूफ टॉप पैनल लगाये गये हैं। वहीं वाराणसी, कानपुर, आगरा और कानपुर नगर टॉप फाइव में हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा के दौरान बताया कि प्रदेश में लखनऊ जनपद में सर्वाधिक 11 हजार 435 सोलर रूफ टॉप पैनल इंस्टाल किए गए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में इस योजना के तहत अब तक 4 हजार 88 सोलर पैनल इंस्टॉल हुए हैं। मुख्य सचिव ने बिजली विभाग के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।

—————————

राज्यपाल एवं कुलाधिपति, श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज कानपुर के हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। राज्यपाल ने प्राविधिक शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को 899 उपाधियाँ प्रदान कीं। इस दौरान 48 मेडल मेधावी विद्यार्थियों को दिए गए।

—————————

ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन आज वैश्विक बाज़ार में नेविगेशन, भारतीय निर्यातक

के लिए संभावित चुनौतियों और रणनीतियों पर उद्योग निर्यात संगठनोंके महासंघ द्वारा सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, और कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी और मुख्य सचिव आलोक कुमार शामिल हुए।

——————

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पूर्व विधायक नीलम करवरिया के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्रीमती करवरिया एक समर्पित जनप्रतिनिधि थीं। भाजपा से दो बार विधायक रहे उदय भान करविरया की पत्नी नीलम करवरिया 2017 में मेजा सीट से विधायक चुनी गयीं थीं। 2022का विधान सभा चुनाव वह हार गईं। नीलम करवरिया का हैदराबाद के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था।

——————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

मंकीपॉक्स को लेकर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र–शासित प्रदेशों को एडवायज़री जारी की है। राज्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मंकीपॉक्स बीमारी के बारे में जागरुकता बढ़ाने वाली गतिविधियां आयोजित करें। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों से रणनीतिक निगरानी बनाये रखने का अनुरोध किया है।

—————————

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत प्रदेश भर में 155 घंटे का नॉन–स्टॉप मेगा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर समाप्त होगा। इसी क्रम में मऊ के जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी में लोगों को स्वच्छता शपथ दिलायी। वही शामली की रहने वाली दिव्यांग युवा समाजसेवी पायल ने सरकार की इस पहल को समाज और लोगों के लिए जरुरी बताया है। बाइट.....

*सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है और यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है कि प्लास्टिक बंद का आह्वान कर कई कड़े कानून बनाए गए हैं। दरअसल प्लास्टिक द्वारा हमारे जन जीवन हमारे वातावरण पशु पक्षी और हमारे जीवन के लिए बहुत घातक है। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए हम सभी को पेड़ पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि जब तक हम पेड़ पौधे नहीं लगाएँगे तो हमारा वातावरण स्वस्थ नहीं रह पाएगा, स्वच्छ नहीं रह पाएगा।*

—————————

प्रदेश के कई जिलों में कल से रूक–रूक कर हो रही बारिश का सिलसिला आज भी जारी रहा। बारिश के कारण उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश के कारण आज महराजगंज, जौनपुर, कुशीनगर, अयोध्या, सुल्तानपुर में आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूल बंद रहे। वहीं संतकबीरनगर में सभी शिक्षण संस्थानों में आज से दो दिवसीय अवकाश घोषित कर दिया गया है। प्रदेश में हो रही भारी बारिश को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य के निर्देश दिए हैं।

—————————

कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आज से भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच शुरु हुआ। मैच के पहले दिन आज भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक कानपुर में हल्की से भारी बारिश के आसार है, जिसका असर खेल पर पड़ सकता है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.......

*कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में आज शुरू हुए भारत–बंगलादेश टेस्ट मैच का किया शुभारम्भ विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ निधिपति सिंघानिया ने घंटी बजाकर किया। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी को चुना। ख़राब मौसम के चलते पहले दिन केवल 35 ओवर का ही खेल हो सका जिसमे बांग्लादेश ने*

*35 ओवर में तीन विकेट पर 107 रन बनाये है। मोमिनुल हक़ 40 और मुस्तफिकुर रहीम 6 रन बना चुके है। गेंदबाज़ी में आकाशदीप ने दो विकेट चटका, जबकि आर अश्विन ने एक को पवेलियन भेजा। राजेश श्रीवास्तव आकाशवाणी समाचार, कानपुर।*

—————————

राष्ट्रीय पुस्तक मेले की शुरुआत आज लखनऊ के बलरामपुर गार्डन में हुई।–यह मेला 6 अक्टूबर तक चलेगा।

……………………………

महराजगंज महोत्सव को लेकर आज जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि 2 अक्टूबर से शुरु हो रहे इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकार प्रस्तुति देंगे।

……………………………

पीलीभीत टाइगर रिजर्व से निकलकर 3 लोगों को मौत के घाट उतारने वाले बाघ को आज गोरखपुर प्राणी उद्यानभेज दिया गया है। बाघ की निगरानी के लिए चार सदस्यीय निगरानी टीम बनाई गई है।

……………………………

प्रदेश के मत्स्य विभाग मंत्री संजय निषाद ने आज बांदा में विभाग की समीक्षा बैठक की। विभागीय बैठक में श्री निषाद ने अधिकारियों को योजनाओं में गति लाने के लिए निदेश दिए।

(समाप्त)